इंदौर, शुक्रवार 15 मई 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 170
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

शहर में सात सौ मैगावाट से ज्यादा बिजली मांग



पेज-2

दिशा पाटनी भी ग्लोबल मंच पर बना रही पहचान



पेज-5

धार भोजशाला पर आज आएगा फैसला



पेज-6

# पहले दी नसीहत फिर दिया बढ़ोतरी का झटका

## 48 घंटे में महंगाई के तीन छोटे-छोटे डोज : बिगड़ेगा परिवार का बजट




**दूध महंगा** अमूल और मदर डेयरी ने 2-3 रुपए/लीटर दाम बढ़ाए।



**सीएनजी** 2 रुपए किलो बढ़ोतरी। ऑटो, कैब का किराया बढ़ेगा।



**पेट्रोल-डीजल** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3 रुपए की हुई वृद्धि।

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध का असर अब मध्य प्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बाद प्रदेशभर में पेट्रोल और डीजल के दाम करीब 3-3 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए गए हैं। नई दरें आज सुबह 6 बजे से ही लागू हो गई हैं। अब इंदौर में पेट्रोल का रेट 109.81 रुपए प्रति लीटर और डीजल का रेट 95.02 रुपए प्रति लीटर हो गया है। स्पीड पेट्रोल की कीमत बढ़कर 119.56 रुपए प्रति लीटर पहुंच गई है। इससे पहले इंदौर में पेट्रोल 106.58 रुपए प्रति लीटर और डीजल 91.97 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में क्यों हुई बढ़ोतरी?

इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

### समीक्षा बैठक को संभावित मंत्रिमंडल विस्तार से जोड़कर देखा जा रहा है

# पहली बार संगठन लेगा प्रदेश के मंत्रियों की परीक्षा, हरकत में आए मंत्री

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मप्र सरकार के मंत्रियों की कसावट शुरू कर दी है। सीएम हाउस में 17 और 18 मई को मंत्रियों के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इसके लिए दिल्ली से भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भोपाल आएंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की मौजूदगी में होने वाली समीक्षा बैठक में मंत्रियों के विभागीय कामकाज, संगठन के साथ समन्वय, पार्टी कार्यकर्ताओं से व्यवहार, क्षेत्रीय सक्रियता और सरकार की प्राथमिकताओं को लेकर उनकी कार्यशैली का विस्तृत आंकलन किया जाएगा। समीक्षा बैठक की जानकारी मिलते ही मंत्री हरकत में आ गए हैं। कई मंत्रियों ने अपने क्षेत्रों में अचानक सक्रियता बढ़ा दी है।




सीएम सचिवालय से मिली आधिकारिक जानकारी के मुताबिक समीक्षा बैठक में प्रत्येक मंत्री से वन-टू-वन चर्चा की जाएगी। दिल्ली से आ रहे भाजपा पदाधिकारियों के पास मंत्रियों के कामकाज का पूरा फीडबैक और रिपोर्ट रहेगी। इस दौरान मंत्रियों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट उनके सामने रखी जाएगी। मंत्रियों को कामकाज में सुधार को लेकर सख्त हिदायत दी जाएगी। मप्र सरकार के गठन के बाद पहली बार इस स्तर पर मंत्रियों की व्यक्तिगत समीक्षा की जा रही है। राजनीतिक गलियारों में मंत्रियों के कामकाज के बारीकी से किए जा रहे आंकलन को संभावित मंत्रिमंडल विस्तार से जोड़कर देखा जा रहा है। समीक्षा बैठक के बाद आने वाले दिनों में परफॉर्मेंस के आधार पर 4 से 5 मंत्रियों को पद से हटाया जा सकता है। उनके स्थान पर नए चेहरे कैबिनेट में शामिल किए जा सकते हैं। माना जा रहा है कि मई के आखिर तक या जून की शुरुआत में मोहन कैबिनेट का विस्तार किया जा सकता है। वर्तमान में मोहन कैबिनेट में 30 मंत्री हैं। इनमें 20 कैबिनेट मंत्री, 6 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और 4 राज्य मंत्री शामिल हैं। कैबिनेट में मंत्रियों के अभी चार पद रिक्त हैं।

# नीट की नई तारीख का ऐलान, 21 जून को होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने भारत सरकार की मंजूरी के साथ NEET-UG एग्जाम की नई तारीख की घोषणा कर दी है। अब यह एग्जाम रविवार 21 जून को होगा।

इससे पहले NEET पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के घर गुरुवार को हाईलेवल बैठक हुई। NEET-UG 2026 परीक्षा के रद्द होने के दो दिन बाद हुई मीटिंग में दोबारा एग्जाम कराने पर चर्चा हुई।

बैठक में हायर एजुकेशन सेक्रेटरी विनीत जोशी, स्कूल एजुकेशन सेक्रेटरी संजय कुमार, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह, CBSE चेयरपर्सन राहुल सिंह, केंद्रीय विद्यालय संगठन (KVS)-नवोदय विद्यालय समिति (NVS) के कमिश्नर सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

NEET पेपर लीक पर देशभर में विरोध के बीच गुरुवार को




अहमदाबाद में NSUI कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को काले झंडे दिखाए और काफिला रोकने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

CBI ने मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 5 आरोपियों को 7 दिन की कस्टडी में भेज दिया है। वहीं, राजस्थान के सीकर से आरोपी मांगी लाल बिंवाल, जमवारामगढ़ के भाई दिनेश बिंवाल, बेटा विकास बिंवाल, हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को गिरफ्तार किया है। शुभम ने ही यश को पेपर दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

- शेयर बाजार में 239 पॉइंट की बढ़त, निफ्टी में भी 78 पॉइंट की उछल
- गुजरात सरकार की कैबिनेट मीटिंग आज, वर्क फ्रॉम होम पर हो सकता है बड़ा फैसला
- सीएम योगी : महराजगंज में 208 करोड़ से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का होगा लोकार्पण
- पाक में सेना के कैंप पर आत्मघाती हमला, 15 जवानों की मौत
- अडानी केस में बड़ा अपडेट, अमेरिकी SEC ने लिया सेटलमेंट का फैसला
- सऊदी अरब ने अल-अक्सा मस्जिद पर इजरायली कार्रवाई की निंदा की
- चीन को लेकर ट्रंप का संदेश, संबंधों में सुधार की उम्मीद जताई
- क्यूबा के हवाना में CIA डायरेक्टर की बैठक, सरकार ने किया खुलासा
- इराक में नई सरकार का गठन, अली अल-जैदी ने संभाली कमान
- पीएम मोदी आज से पांच देशों की यात्रा पर, कई बड़े मुद्दों पर होगी अहम बातचीत
- उदयनिधि के सनातन वाले बयान पर सियासत, तमिलनाडु मंत्री अर्जुना बोले- सब धर्म बराबर
- तिलक वर्मा-विल जैक्स की आंधी में पंजाब ढेर, श्रेयस ब्रिगेड की लगातार 5वीं हार

# हादसे के बाद दूरी... लेकिन हादसे से पहले फेक्ट्री संचालक के साथ जनसेवक!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**देवास** • देवास पटाखा फैक्ट्री विस्फोट ने सिर्फ कई घरों के चिराग नहीं बुझाए, बल्कि सत्ता, सिस्टम और राजनीतिक रिश्तों पर भी नए सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे के बाद बीजेपी सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी और फैक्ट्री संचालक अनिल मालवीय की एक पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। अब बहस सिर्फ विस्फोट तक सीमित नहीं है, बल्कि इस बात पर भी हो रही है कि क्या राजनीतिक पहुंच और स्थानीय प्रभाव के कारण ऐसी फैक्ट्रियों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हो पाती?



देवास ब्लास्ट के बाद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर तेजी से शेयर की जा रही है। तस्वीर में बीजेपी सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी फैक्ट्री संचालक अनिल मालवीय के साथ नजर आ रहे हैं।

# सिंधिया-केपी समर्थकों में खींचतान, दबदबे के लिए छिड़ी जंग! बीजेपी संगठन ने चलाया हंटर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**गुना** • गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र की राजनीति इन दिनों सोशल मीडिया के अखाड़े में तब्दील हो चुकी है। पूर्व सांसद केपी यादव को मध्य प्रदेश राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से ही उनके और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों के बीच खींचतान चरम पर है।

इस गुटीय टशन को गंभीरता से लेते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अनुशासन का डंडा चलाया है और दोनों खेमों के सक्रिय नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर





जवाब तलब किया है। केपी यादव की नई नियुक्ति के बाद उनके समर्थकों का उत्साह सातवें आसमान पर है। इसी कड़ी में मंडल उपाध्यक्ष कृष्णपाल यादव ने सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने लिखा कि कोई माने या न माने, दो साल तो मंत्री हैं। आगे भी दबदबा था और आगे भी बना रहेगा। ये इतिहास ही लिखते हैं, जैसा 2019 में लिखा था।

## धार भोजशाला पर निर्णय के चलते आज राजबाड़े पर भारी पुलिस बल हुआ तैनात...



# पीएम मोदी के साथ अपने 35 वर्षों के अनुभव को 'अपनापन' में समेटा शिवराज सिंह चौहान ने

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व पर किताब लिखी है। इसका शीर्षक है अपनापन। शिवराज ने इस किताब में नरेंद्र मोदी के साथ बिताए 35 वर्षों की दास्तां लिखी है। अपने अनुभव साझा किए हैं।

शिवराज सिंह ने कल दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी इस पुस्तक 'अपनापन' की घोषणा की। उन्होंने कहा, यह कृति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तीन दशक से अधिक के निकट सहयोग, संगठनात्मक जीवन,




जनसेवा, सुशासन और राष्ट्रसमर्पण के उन जीवंत अनुभवों का सार है। जिन्हें उन्होंने बहुत करीब से जिया है। पुस्तक का लोकार्पण 26 मई को पूर्व उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा करेंगे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा, कभी-कभी जीवन में आप ऐसे व्यक्ति के साथ काम करते हैं, जिसे दुनिया एक नेता के रूप में देखती है, लेकिन आप उसमें एक साधक, एक कर्मयोगी, एक असाधारण इंसान को देखते हैं। मेरे लिए 'अपनापन' केवल एक पुस्तक नहीं है, यह उन 33 वर्षों को शब्दों में उतारने का प्रयास है, जिनको मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बहुत करीब से जिया है। लोगों ने मंचों से उन्हें भाषण करते हुए देखा है, लेकिन मैंने उनमें उस व्यक्ति को देखा है, जो दिन भर देर रात तक काम करने के बाद भी अगली सुबह उसी ऊर्जा के साथ देश के लिए खड़ा होता है।

न्यूज ब्रीफ

## जनगणना कार्य में संलग्न सभी लोक सेवकों का बीमा कराया जाए- दिनेश परमार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के जिलाध्यक्ष दिनेश परमार ने जनगणना 2027 के कार्य में संलग्न समस्त लोकसेवकों का बीमा कराए जाने की मांग केंद्र व मध्यप्रदेश सरकार से की है।



परमार ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मई माह की इस भीषण गर्मी में शिक्षक व अन्य विभाग के कर्मचारी नजरी नक्शा बनाकर घर -घर जाकर मकान गणना का कार्य कर रहें है। प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण फरवरी 2027 में इन्हीं लोकसेवकों को परिवार गणना भी करनी है। श्री परमार ने बताया कि जनगणना के साथ ही अधिकांश शिक्षक मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं की ड्यूटी भी कर रहें है। भीषण गर्मी में किसी भी लोक सेवक के साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार से मांग क़ी है कि जनगणना कार्य में लगे समस्त प्रगणकों, सुपरवाइजरों, चार्ज अधिकारियों सहित संलग्न सभी अमलों का बीमा करवाया जाए।

## छात्रा ने शिक्षक पर बैड टच का लगाया आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के एक नामी स्कूल में समर कैंप के दौरान 13 साल की एक छात्रा ने शिक्षक पर बैड टच करने का आरोप लगाया है। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। फिलहाल महिला पुलिस और फीमेल स्टाफ की मौजूदगी में पूछताछ की जा रही है। मामले में अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। राजेंद्र नगर टीआई यशवंत बड़ोले ने बताया कि गुरुवार रात इलाके के एक निजी स्कूल में छेड़छाड़ की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। छात्रा के परिजन के अनुसार, स्कूल में 3 मई से समर कैंप चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक छात्राओं के साथ अनुचित तरीके से बैड टच करता था। छात्रा ने इसकी जानकारी अपने परिवार को दी, जिसके बाद परिजन रात मे स्कूल पहुंचे और पुलिस को बुलाया।

## शेरेटन ग्रैंड पैलेस में शुरू हुआ फूड कैपिटल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर को देश की स्ट्रीट फूड कैपिटल के रूप में पहचान मिली हुई है। यहां का सराफा बाजार अपनी रात की रौनक और अनोखे जायकों के लिए प्रसिद्ध है, वहीं छप्पन दुकान सुबह से देर शाम तक स्वाद प्रेमियों की पहली पसंद बनी रहती है। इसी सांस्कृतिक और खानपान विरासत को ध्यान में रखते हुए और इंदौर की प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड संस्कृति को एक नई और प्रीमियम प्रस्तुति के साथ अनुभव कराने के उद्देश्य से शेरेटन ग्रैंड पैलेस इंदौर में 'सराफा से छप्पन- एक प्लेट में इंदौर एक्सपीरियंस' की शुरुआत की गई है। यह विशेष फूड फेस्टिवल पूरे मई माह में प्रत्येक शनिवार और रविवार को शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जहां मेहमानों को सराफा बाजार की रातों और छप्पन दुकान की दिनभर की फूड विरासत का स्वाद एक ही प्लेट में मिलेगा।

## केएफसी ने पेश किया शावरमा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● KFC India भारत के शावरमा लवर्स के लिए लाया है ऑल-न्यू क्रिस्पी ShaWOWrma Wrap एक WOW ट्विस्ट के साथ। यह ऑल-न्यू मेन्यू आइटम, आपके जाने-पहचाने फेवरीट में एक KFC ट्विस्ट है। KFC का क्रिस्पी ShaWOWrma Wrap स्वादिष्ट, टोस्टेड टॉर्टिला रैप के साथ आता है, जो चस्रष्ट की मशहूर क्रिस्पी पेरी-पेरी चिकन स्ट्रिप्स, क्रीमी शावरमा मेयो, फ्रेश लेट्यूस और टैंगी पिकल्ड मेडिटेरेनियन वैजीज़ से भरपूर है।

# आयुक्त ने सुबह विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था देखी

## शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी हुई तेज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम ने मैदान स्तर पर निगरानी और सख्ती बढ़ा दी है। गुरुवार सुबह क्षितिज सिंघल ने जोन क्रमांक-15 के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था, उद्यानों, सार्वजनिक शौचालयों और व्यवसायिक क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने दशहरा मैदान के सामने का क्षेत्र, बैंक कॉलोनी उद्यान, महालक्ष्मी मंदिर परिसर, स्कीम नंबर-71 सेक्टर-सी, अन्नपूर्णा मंदिर क्षेत्र, गुमास्ता नगर, विश्वकर्मा नगर, उषा नगर, छत्रीपुरा चौराहा, महाराणा प्रताप उद्यान और गुलजार कॉलोनी सहित कई स्थानों का भ्रमण किया। आयुक्त ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सीटीपीटी परिसरों की सफाई, पानी और प्रकाश व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सार्वजनिक शौचालयों में नियमित सफाई और आवश्यक सुविधाएं



हर हाल में सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कचरा पृथक्करण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। डस्टबिन की नियमित सफाई और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी रोकने के लिए मॉनिटरिंग करने को कहा। आयुक्त ने कहा स्वच्छ सर्वेक्षण की गाइडलाइन के अनुसार हर क्षेत्र में व्यवस्थाएं पूरी होना जरूरी हैं।

### लोगों से की बातचीत

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने उद्यानों में हरियाली संरक्षण, नियमित सिंचाई और सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की। मंदिरों और प्रमुख चौराहों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि शहर के उद्यान सिर्फ घूमने की जगह नहीं, बल्कि इंदौर की स्वच्छ और सुंदर पहचान का हिस्सा हैं, इसलिए वहां सफाई और सुविधाओं का स्तर लगातार बेहतर होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सिंघल ने उद्यानों और व्यवसायिक क्षेत्रों में नागरिकों से संवाद भी किया। उन्होंने लोगों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि नगर निगम लगातार काम कर रहा है, लेकिन शहर को फिर नंबर-1 बनाने में जनता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के हर क्षेत्र में नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

# कुत्तों को सार्वजनिक और खुले स्थान पर शौच करवाया तो लगेगा जुर्माना : भार्गव



## मालिक फुटपाथ पर कुत्ते को करवा रहा था शौच, महापौर दिए कार्रवाई के निर्देश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर इन दिनों महापौर पुष्यमित्र भार्गव गंभीर हैं, स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियां अब अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। इसके अलावा इंदौर को इस बार स्वच्छता जोड़ी शहर की प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करना है। इसके लिए इंदौर की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग सूक्ष्मता से की जा रही है। इसी क्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इंदौर शहर में कुत्तों के शौच से फैलने वाली गंदगी को लेकर सख्त एक्शन लिया है।

महापौर ने बताया कि उन्होंने सुबह जोन क्रमांक 14, 15 और 16 का दौरा कर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यदि पालतू कुत्तों को घुमाने के दौरान गंदगी फैलाई गई तो नगर निगम द्वारा चालानी कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने स्पष्ट कहा कि इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है और इसे स्वच्छ बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

### नाराज चिकित्सकों ने एमवायएच के मुख्य द्वार पर किया पेन डाउन प्रदर्शन

# डीन की तानाशाही पर एमटीए की बगावत दो महीने से वेतन रोकने पर भड़के डाक्टर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन और एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन के बीच विवाद अब खुलकर सड़क पर आ गया है। दो महीने से चार वरिष्ठ डॉक्टरों का वेतन रोके जाने से नाराज चिकित्सकों ने गुरुवार को डीन के खिलाफ एमवायएच के मुख्य द्वार पर जोरदार पेन डाउन प्रदर्शन किया। डॉक्टरों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि डीन तानाशाह जैसा व्यवहार कर रहे हैं, बिना किसी लिखित आदेश, जांच या कारण बताए वरिष्ठ चिकित्सकों का वेतन रोक दिया गया। प्रदर्शन इतना उग्र रहा कि ओपीडी सेवाएं और शिक्षण कार्य तक प्रभावित हो गए।

**नहीं दे रहा प्रशासन जवाब:** एमटीए का आरोप है कि अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े, डॉ. धर्मेंद्र झंवर, डॉ. अतुल शेंडे और डॉ. पाली



रस्तोगी का मार्च और अप्रैल 2026 का वेतन जानबूझकर रोका गया है। संगठन का कहना है कि बार-बार चर्चा और ज्ञापन देने के बावजूद कॉलेज प्रशासन ने कोई जवाब नहीं दिया। प्रदर्शन में एमजीएम मेडिकल, डेंटल कॉलेज, एमवायएच, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, एमटीएच अस्पताल, मानसिक चिकित्सालय और अन्य संबद्ध अस्पतालों के 100 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टर शामिल हुए। कई डॉक्टर छुट्टियों से लौटकर भी आंदोलन में पहुंचे। एमटीए सचिव डॉ. अशोक ठाकुर ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन तानाशाही रवैया अपना रहा है और डॉक्टरों के अधिकारों का खुला उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा कि वेतन रोकना सिर्फ आर्थिक प्रताड़ना नहीं, बल्कि डॉक्टरों का मनोबल तोड़ने की कोशिश है। एमटीए अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े ने कहा कि बिना आदेश वेतन रोकना गैरकानूनी है और यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन को प्रदेशभर में फैलाया जाएगा।

# अटल गृह ज्योति योजना अंतर्गत लाखों घरों में रियायती बिजली का उजियारा

## एक माह में दी 152.61 करोड़ रूपए की सब्सिडी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक निश्चित खपत होने पर प्रभावी रूप से लागू अटल गृह ज्योति योजना का पश्चिम मप्र में प्रभावी क्रियान्वयन कर लाखों उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा रहा है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पिछले एक बिल माह के दौरान मालवा निमाड़ में 30 लाख आठ हजार से ज्यादा उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। इन उपभोक्ताओं प्रथम सौ यूनिट तक बिजली एक रूपए यूनिट की दर से प्रदान की गई है। इन उपभोक्ताओं को मप्र शासन की ओर से एक माह के दौरान कुल 152.61 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों में सबसे ज्यादा सब्सिडी



इंदौर जिले में 18 करोड़ रूपए से ज्यादा की सब्सिडी प्रदान की गई है। मप्र के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को सब्सिडी प्रदान के बाद फीडबैंक भी नियमित रूप से लिया जा रहा हैं। योजना के तहत औसतन रूप से तीस दिन के दौरान 150 यूनिट व प्रतिदिन औसत पांच यूनिट की खपत वाले घरेलू उपभोक्ता इस योजना की पात्रता में आते है। बीते एक बिल माह में माह कंपनी क्षेत्र में करीब 30.08 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। इंदौर जिले सबसे ज्यादा पौने चार लाख उपभोक्ता बीते एक माह के दौरान गृह ज्योति योजना से लाभान्वित हुए है। इंदौर जिले के इन पात्र उपभोक्ताओं को करीब करीब अठारह करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई हैं। धार जिले में करीब पौने तीन लाख उपभोक्ताओं को पंद्रह करोड़ की सब्सिडी, उज्जैन जिले में 2.85 लाख को 14.53 करोड़ की सब्सिडी, खरगोन जिले में 2.68 लाख उपभोक्ता 13.68 करोड़ की सब्सिडी से लाभान्वित हुए है । इसी तरह रतलाम जिले में 2.38 लाख उपभोक्ताओं को 11.62 करोड़ की , देवास जिले में 2.08 लाख उपभोक्ताओं को 11.28 करोड़ की, मंदसौर जिले में 2.21 लाख उपभोक्ताओं को 11.13 करोड़ की सब्सिडी, बड़वानी जिले में 2.02 लाख को 10,78 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई है। अन्य जिलों में भी प्रत्येक पात्र उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया गया हैं, इन उपभोक्ताओं को सौ यूनिट तक बिजली का बिल 100 रूपए तक प्रदान कर सब्सिडी का लाभ दिया गया हैं। योजना के तहत प्रतिदिन अधिकतम 5 यूनिट खपत वाले घरेलू उपभोक्ता पात्रता में आते है। प्रतिदिन औसत पांच यूनिट से ज्यादा बिजली उपयोग करने वालों को माह विशेष में सब्सिडी नहीं प्रदान की जाती है।

## शहर में सात सौ मैगावाट से ज्यादा बिजली मांग



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पिछले तीन दिनों से काफी हद तक गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग एवं उसी के अनुरूप आपूर्ति में बढ़ोत्तरी की स्थिति है। 12 मई को बिजली की मांग भी रिकार्ड स्तर की रही। मंगलवार को शहर में बिजली की अधिकतम मांग 685 मैगावाट दर्ज की गई, इस दिन कुल 1 करोड़ 53 लाख यूनिट बिजली का वितरण किया गया। बिजली की मांग बुधवार को भी उच्च स्तर की रही। बुधवार को अधिकतम मांग और बढ़कर सात सौ सात मैगावाट दर्ज हुई। खपत करीब डेढ़ करोड यूनिट रही। शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे ने बताया कि भीषण गर्मी में भी कार्मिक पूरी तन्मयता, समर्पण से सेवाएं दे रहे हैं, तकनीकी दिक्कत आने पर भरी दुपहरी में लोहे के पोल पर चढ़कर सुधार कार्य किया जा रहा हैं। इधर ग्रिडों पर इनबिल्ड पंखों की मदद से ठंडक पहुंचाई जा रही है, जहां जरूरत हैं वहां अतिरिक्त पंखों , जंबो व सामान्य कूलर का इंतजाम किया गया हैं। ग्रिडों के अर्थिंग में बोरिंग एवं टैंकरों से प्राप्त पानी डालकर नमी की पर्याप्तता बनाई जा रही हैं, वहीं ट्रांसफार्मरों के अर्थिंग मे भी पानी डालकर गर्मी में बिजली आपूर्ति सामान्य बनाए रखने की हर संभव कोशिश की जा रही है।

## श्री दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद की साधारण सभा रविवार को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद की साधारण सभा 17 मई रविवार को महावीर बाग एरोड्रम रोड स्थित में*। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि सामाजिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक विषयों पर होगा विचार मंथन, व्यापक सहभागिता सभी सभा सांसद एवं सभी जिनालयों के अध्यक्ष मंत्री को आह्वान श्री दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, इंदौर* की *साधारण सभा* का आयोजन *रविवार, 17 मई को प्रात: 10:00 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित महावीर बाग परिसर* में आयोजित की गई है। सर्व मान्य अध्यक्ष सामाजिक सांसद के आनंद गोधा ने बताया कि इस साधारण सभा में *समाज के सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं संगठनात्मक विषयों* पर व्यापक चर्चा एवं विचार विमर्श मंथन किया जाएगा। सभा में *वर्ष भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन, आगामी योजनाओं की रूपरेखा, समाजहित के प्रस्तावों* पर गहन विचार-विमर्श होगा। सामाजिक सांसद के महामंत्री हर्ष जैन ने समस्त *जिनालयों पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं समाजजनों* से आग्रह किया है कि वे *नियत समय पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर* अपने बहुमूल्य सुझाव देकर सभा को सफल बनाएं। आनंद गोधा ने कहा कि सामाजिक संसद द्वारा *जैन समाज के सर्वांगीण विकास, एकता एवं संगठन* को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## 24 मई को इंदौर के 27 केंद्रों पर होगी यूपीएससी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में 24 मई को आयोजित होने वाली सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संघ लोक सेवा आयोग की इस परीक्षा के लिए इंदौर में कुल 27 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 12,104 परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। विशेष रूप से एक केंद्र पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित किया गया है। परीक्षा रविवार, 24 मई को दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम सत्र का समय सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक रहेगा, जबकि द्वितीय सत्र दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान संघ लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए संभागायुक्त को परीक्षा समन्वयक अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही संयुक्त आयुक्त शैली कनाश को प्रभारी परीक्षा अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। बैठक में राजस्व उपायुक्त सपना लोवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रमोद सिंह सहित नगर निगम, बिजली विभाग, डाकघर और कोषालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



## लवकुश शनि मंदिर में तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव शुरू

### भक्तों को सकोरे किए वितरित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● लव कुश आवास विहार, सुखलिया स्थित शनि मंदिर में तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव गुरुवार से शुरू हुआ,पहले दिन भक्तों को सकोरे वितरित किए। मंदिर के प्रमुख चंद्रकांत कुंजीर चंदू भैया, करण कुंजीर सुरजीत सिंह वालिया ने बताया कि तीन दिवसी शनि जयंती महोत्सव की शुरुआत में पहले दिन 1100 भक्तों को सकोरे वितरित किए, भक्तों को संकल्प दिलाया कि वह अपने घरों की छतों पर सकोरे रखें ताकि पक्षियों की प्यास बुझ सके। इस अवसर पर मिलिंद दिघे, ओम पानेरी, स्वाति मोहिते निहारिका कुंजीर रिया कुंजीर सहित अन्य मौजूद थे। महोत्सव के दूसरे दिन 15 मई को शनि महाराज का पूजन अर्चन आचार्यों पंडितों की उपस्थिति में करके फूल बंगला सजेगा। महोत्सव के तीसरे दिन 16 मई को शनि जयंती पर शनि महाराज का तेल से अभिषेक करके पूजन अर्चन होगा महाआरती की जाएगी, प्रसादी वितरण होगा।

## टाटवाल को मिली प्रदेश प्रचार सचिव की जिम्मेदारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अखिल भारतीय कोली समाज शाखा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया ने प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली एवं प्रदेश महामंत्री दिलीप देवरिया की अनुशंसा पर इन्दौर के युवा जुझारु एवं सक्रिय समाजसेवी प्रहलाद टाटवाल को प्रदेश प्रचार सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। गौरतलब है कि टाटवाल पूर्व में कोली समाज के बावलिया गुट में भी प्रदेश प्रचार सचिव के पद पर कार्यरत थे, लेकिन अब से संगठन में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों की हठधर्मिता के खिलाफ त्याग पत्र दे दिया था। टाटवाल प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली के विश्वसनीय साथी हैं। टाटवाल की नियुक्ति पर नंदराम मेहर, सुनिल अस्टोलिया, गजेन्द्र महावर, मनोज सुखाड़िया, रामनारायण मुंगेलवाल, रघुनाथ पेंटर, रवि कर्नल मेहर आदि ने बधाई दी है।



सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शुक्रवार 15 मई 2026

न्यूज ब्रीफ

## प्राचीन मंशापूर्ण शनि मंदिर पर तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव में सजा पुष्प बंगला



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** यंग इंडिया क्लब के तत्वावधान में जिंसी चौराहा स्थित मंशापूर्ण शनि मंदिर पर तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव का आयोजन गुरुवार से प्रारंभ हुआ। तीन दिवसीय यह महोत्सव विभिन्न धर्माचार्यों एवं संतों-महंतों के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुवार की शाम को भक्तों द्वारा भव्य फूल बंगला श्रृंगारित किया गया। यंग इंडिया क्लब के अध्यक्ष श्याम अग्रवाल एवं सतीश सेन ने बताया कि जिंसी से किला मैदान तक चल रहे सड़क चौडीकरण कार्य के बावजूद सैकड़ों भक्तों ने शाम को मंदिर पहुंचकर पुष्प बंगला में विराजित मंशापूर्ण शनिदेव के दर्शन किए। महोत्सव में शुक्रवार को सायं 7 बजे से देवी अहिल्या वि.वि. कर्मचारी रामायण मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। क्लब के राजेश शर्मा, रमेश सेन, विनोद बोहरा ने बताया कि शनिवार 16 मई को शनि जयंती के मुख्य महोत्सव में दिनभर विभिन्न अनुष्ठान होंगे। सुबह 8 से 10 बजे तक पूजा-अर्चना, दोपहर 12 से 4 बजे तक श्रृंगार एवं वट पूजा, शाम 4 से 6 बजे तक यज्ञ एवं हवन पूजा, सायं 6.30 बजे छप्पन भोग दर्शन एवं सायं 7.30 बजे महाआरती के बाद संतों-महंतों के प्रवचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा। रात्रि 8 बजे महाप्रसादी वितरण होगा।

## डॉ. धीरज जैन की टीम कल पलासिया में ओपीडी शिविर लगाएगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मप्र वैश्य महासम्मेलन की ओर से शहर के सभी वैश्य घटकों के लिए स्वस्थ समाज अभियान के तहत शनिवार 16 मई को अहमदाबाद के प्रसिद्द घुटना प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. धीरज मारोठी जैन की टीम द्वारा पलासिया स्थित आचार्य तुलसी फिजियोथैरेपी सेंटर तेरा पंथ भवन पर ओपीडी शिविर का आयोजन जैन समाज के सहयोग से किया जा रहा है। संगठन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द बागड़ी ने बताया कि डॉ. धीरज जैन पिछले 23 वर्षों से घुटना प्रत्यारोपण के क्षेत्र में देश-विदेश में अपनी ख्याति अर्जित कर चुके हैं। डॉ. जैन अब तक 25 हजार से अधिक घुटनों की सफल प्रत्यारोपण सर्जरी कर चुके हैं। अब संगठन की ओर से जैन समाज के सहयोग से इंदौर में डॉ. जैन की टीम द्वारा नाममात्र शुल्क पर सुबह 10.30 से दोपहर 2.30 बजे तक ओपीडी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में घुटने और कूल्हे के जोड़ों की जाँच भी रियायती दरों पर की जाएगी तथा पूर्व में जॉइंट रिप्लेसमेंट की सलाह प्राप्त कर चुके मरीजों के लिए सेकंड ओपिनियन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

# रिश्वत लेते पकड़ाया बाबू, बोला- मेरे 5 हजार, बाकी 25 हजार मैडम के हैं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**नरसिंहपुर ●** नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा एसडीएम कार्यालय में रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम ने एसडीएम कार्यालय में पदस्थ स्टेनो सौरभ यादव को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद जो दावा सामने आया, उसने पूरे मामले को और ज्यादा सनसनीखेज बना दिया है। पकड़े जाने के बाद स्टेनो सौरभ यादव ने कहा कि रिश्वत की रकम में उसके हिस्से के सिर्फ 5 हजार रुपए थे, जबकि बाकी 25 हजार रुपए एसडीएम पूजा सोनी के लिए थे। इस बयान के बाद अब मामले की जांच का दायरा बढ़ सकता है। एसडीएम पूजा सोनी भी जांच के घेरे में आ सकती हैं। हालांकि यह आरोप स्टेनो की तरफ से लगाए गए हैं और पूरा मामला जांच पर टिका हुआ है। जानकारी के मुताबिक, तेंदूखेड़ा निवासी संजय राय कॉलोनाइजर हैं। उन्हें अपनी कॉलोनी निर्माण का नक्शा



पास कराना था। इसके लिए टीएनसीपी को रिपोर्ट भेजे जाने संबंधी आवेदन उन्होंने एसडीएम कार्यालय में दिया था। आरोप है कि एसडीएम कार्यालय में पदस्थ स्टेनो सौरभ यादव ने फाइल को जानबूझकर दबाकर रखा और काम में देरी करता रहा। बाद में उसने काम आगे बढ़ाने के बदले पैसों की मांग की। संजय राय ने इसकी शिकायत ईओडब्ल्यू जबलपुर से की। शिकायत के बाद टीम ने 14 मई को योजना बनाकर कार्रवाई की और रिश्वत की रकम लेते समय सौरभ यादव को रंगे हाथों पकड़ लिया।

### गिरफ्तारी के बाद आया सबसे बड़ा बयान

ईओडब्ल्यू की कार्रवाई के बाद मामला उस वक्त और बड़ा हो गया, जब पकड़े गए स्टेनो ने पूछताछ में कहा कि कुल रकम में से सिर्फ 5 हजार रुपए उसके थे, जबकि 25 हजार रुपए एसडीएम पूजा सोनी के हिस्से के थे। इस बयान के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों का कहना है कि स्टेनो के बयान के आधार पर आगे जांच बढ़ सकती है।

एसडीएम पूजा सोनी से संपर्क नहीं हो सका-मामले में पक्ष जानने के लिए एसडीएम पूजा सोनी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका मोबाइल नंबर स्विच ऑफ मिला।

# सीएम ने मेट्रो से किया सफर, पीएम मोदी की अपील पर मप्र सरकार ने बनाई गाइडलाइन

**नई दिल्ली (एजेंसी) ●** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन के संयमित उपयोग की अपील पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आम आदमी की तरह नई दिल्ली में कार छोड़कर मेट्रो ट्रेन से सफर किया। मेट्रो में सफर के दौरान सीएम ने जनता से संवाद भी किया। साथ में बैठे यात्रियों से उनके विचारों को जाना। डॉ. यादव ने शिवाजी स्टेडियम से लेकर दिल्ली एरोसिटी तक मेट्रो ट्रेन में यात्रा की। इस दौरान उनका जनता से आत्मीय संवाद भी हुआ। कुछ महिलाओं ने उनसे कहा कि मध्यप्रदेश बहुत खूबसूरत है। वे प्रदेश के कई हिस्से घूम चुकी हैं। इस पर सीएम डॉ. मोहन ने उन्हें धन्यवाद कहा।

**यात्रियों से की चर्चा** - यात्रियों से चर्चा के दौरान सीएम ने बताया कि विश्वास और विकास साथ-साथ कैसे चल सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने गाइडलाइन भी बनाई है।

सीएम डॉ. मोहन यादव वो सब उपाय कर रहे हैं, जिससे देश के लिए डॉलर बचे और देश की विदेश पर निर्भरता कम हो। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का सबको पालन करना चाहिए। यह देश हित में है। देश को मजबूत स्थिति में लाना है तो जीवन पद्धति में अनुशासन और परिवर्तन लाना पड़ेगा।



**केन्द्रीय मंत्रियों से मिले सीएम** - दिल्ली में सीएम ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नागरिक उड्?डयन मंत्री राममोहन नायडू, प्रहलाद जोशी, मनोहर लाल खट्?टर से मुलाकात की। सीएम के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी भी केन्द्रीय मंत्रियों के साथ हुई मुलाकातों के दौरान मौजूद रहे।

**मप्र सरकार ने बनाई गाइडलाइन** - इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर हमारी सरकार ने अच्छे से काम किया है। हम भी इस पर काम कर रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि हम सब मिलकर इस पर अमल करेंगे।

# गजासीन शनि धाम में हजारों भक्त करेंगे सुंदरकांड, निकलेगी पालकी

### शनि जयंती पर विशेष दो दिवसीय आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** उषा नगर स्थित गजासीन धाम में आगामी 16 और 17 मई को शनि जयंती के पावन अवसर पर दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने जा रहा है। आयोजन के प्रथम दिन, 16 मई (शनिवार) को सुबह 8:00 से 12:00 बजे तक आचार्य कल्याण दत्त शास्त्री और पंडित महेंद्र दुबे के मार्गदर्शन में पंच कुंडीय शनि शांति यज्ञ संपन्न होगा। जिसमे शनि देव के विभिन्न बीज मंत्र, तांत्रोक्त मंत्र,वैदिक मंत्र से आहुतियां प्रदान की जाएगी। दोपहर 12:00 बजे भगवान शनि देव की जन्म आरती की जाएगी। शाम का



मुख्य आकर्षण सामूहिक सुंदरकांड पाठ होगा। शाम 5:50 पर शंखनाद और दीप प्रज्वलन के साथ ठीक 6:00 बजे सुंदरकांड शुरू होगा। इस पाठ की विशेषता यह है कि बिना किसी भजन या संपुट के हजारों भक्त एक स्वर में पाठ करेंगे। पाठ में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक भक्त को सिद्ध रुद्राक्ष, शनि चालीसा, चित्र और शनि प्रसाद पुस्तिका नि:शुल्क भेंट की जाएगी। महोत्सव के दूसरे दिन, 17 मई को शाम 6:00 बजे शनि देव पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। धाम में शनि देव का विशेष पुष्प श्रृंगार और 56 भोग के दर्शन होंगे। साथ ही, धाम में स्थित भैरव बाबा को इस बार उज्जैन के महाकाल का भव्य स्वरूप दिया जा रहा है । शनि अमावस्या पर्व पर भक्तों के लिए विशेष रूप से धाम में अस्थाई नवग्रह मंदिर बनाए जा रहा है जिसमें भक्त नवग्रहों के भी दर्शन लाभ प्राप्त कर सकेंगे ।

## महाप्रचंड गुरू आश्रम के स्थापना दिवस एवं संत लादूनाथ के बरसी महोत्सव में सजा पुष्प बंगला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** महाप्रचंड गुरू आश्रम माली मोहल्ला एमओजी लाइंस के स्थापना दिवस एवं तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज के 32वें बरसी महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में आश्रम स्थित सभी देवी-देवताओं, महाप्रचंड हनुमानजी एवं संत लादूनाथ महाराज की प्रतिमाओं का मनोहारी पुष्प एवं विद्युत श्रृंगार किया गया। आश्रम पर बुधवार से प्रारंभ हुए अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति भी यज्ञ-हवन के साथ हुई, जिसमें मालवा, निमाड़ और मारवाड़ क्षेत्र से आए संतों-महंतों ने भी सनातन धर्म की मजबूती के लिए आहुतियां समर्पित की। गुरू आश्रम न्यास समिति ट्रस्ट की ओर से योगेश सुईवाल, भक्त मंडल के रामचंद्र मंडावरा एवं बाबूलाल जैन ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आश्रम स्थित संत लादूनाथ महाराज की प्रतिमा का आकर्षक पुष्प बंगला श्रृंगारित किया गया।

## जिला अस्पताल में डॉक्टरों का वेतन कटेगा, सीईओ के औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए चिकित्सक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन ●** जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था और चिकित्सकों की उपस्थिति रजिस्टर देखा। निरीक्षण में कई विभागों में चिकित्सक निर्धारित समय पर अनुपस्थित पाए गए। सीईओ ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी चिकित्सकों को सुबह 9 बजे से अस्पताल में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा।

कुमट ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और कमिश्नर हेल्थ स्तर से लगातार निर्देश जारी किए जा रहे हैं कि सभी चिकित्सक सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे और शाम 5 बजे से 6 बजे तक अस्पताल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। इसके बावजूद कुछ विभागों में लापरवाही सामने आ रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कई बार चिकित्सकों को इस संबंध में चेतावनी दी जा चुकी है और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने अस्पताल में वार्डों का भी दौरा किया और साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा, रिकॉर्ड व्यवस्था तथा चिकित्सकीय सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल की लिफ्टों की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की। सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया ने बताया कि अस्पताल को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ द्वारा यह निरीक्षण किया गया। अस्पताल प्रशासन ने यह भी जानकारी दी कि अगले माह राष्ट्रीय असेसमेंट होना है, जिसके चलते अस्पताल की व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जा रहा है।

# अवैध शराब मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार हत्या के प्रयास समेत कई मामलों में जेल जा चुका

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार ●** पुलिस ने अवैध शराब भंडारण मामले में फरार चल रहे आरोपी अजय उर्फ अज्जु माइकल को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पहले भी शराब तस्करी, मारपीट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में जेल जा चुका है। कोतवाली थाना प्रभारी दीपकसिंह चौहान ने फरार आरोपियों की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की थी। टीम आरोपी चिक्की उर्फ ईमानवेल और उसकी पत्नी रानू ब्राउन को गिरफ्तार कर चुकी है।

चिक्की उर्फ ईमानवेल वर्तमान में जिला जेल धार में बंद है,



जबकि उसकी पत्नी को उच्च न्यायालय से जमानत मिल चुकी है। पुलिस जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अजय उर्फ अज्जु माइकल पिता रामसिंह मावी निवासी शुक्ला कॉलोनी धार की संलिप्तता सामने आई थी।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी अज्जु माइकल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे अवैध शराब के कारोबार और उसके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी जिले के अन्य अवैध शराब परिवहन मामलों में भी शामिल था और लंबे समय से फरार चल रहा था।

आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी शराब तस्करी, मारपीट और हत्या के प्रयास जैसे कई प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में उपनिरीक्षक आकाश सिंह, प्रधान आरक्षक अरविंद चौहान, प्रधान आरक्षक अजय सिंह और आरक्षक रामनरेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फाइनेंस कंपनी के मैनेजर की एक्सीडेंट में मौत, शादी कार्यक्रम से घर लौट रहे थे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●** एक फायनेंस कंपनी के मैनेजर की एक्सीडेंट में मौत हो गई है। वे एक शादी समारोह में शिरकत कर देर रात अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में रोड़ क्रास कर रहे एक राहगीर को बचाने में बाइक अनियंत्रित हो गई और वह रोड़ किनारे लगे साइन बोर्ड से टकरा गई। इस दौरान बाइक सवार मैनेजर की छाती पर साइन बोर्ड की थपेड़ लग गई, जिससे कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना इंदौर-खंडवा हाईवे पर छैगांव देवी के पास की हैं। देशगांव निवासी रविराज सिंह गौड़ (32) घर लौट रहे थे। उनके साथ बाइक पर एक कर्मचारी भी भोजाखेड़ी तक के लिए बैठा हुआ था। फायनेंस कंपनी में ब्रांच मैनेजर के पद पर थे। ड्यूटी के बाद उन्होंने स्टाफ कर्मचारी की शादी अटेंड की और फिर घर के लिए निकल गए।

## बदमाशों ने मूर्तियों से चुराए 7 किलो चांदी के मुकुट, हनुमान मंदिर में लाखों की चोरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●** किशोर नगर स्थित मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर में देर रात बदमाशों ने लाखों रुपए के चांदी के मुकुट चुरा लिए। चोरी गए मुकुटों का कुल वजन करीब 7 किलो बताया जा रहा है। वारदात के दौरान बदमाशों ने मंदिर की लाइट बंद कर दी थी और सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी फॉर्मेट कर दिए। पुजारी ने बताया कि उनका बेटा सुबह मंदिर के गेट खोलने के लिए पहुंचा था। दरवाजे का ताला खोलने के दौरान उसने देखा कि वहां सांकल टूटी हुई है। भीतर जाकर देखा तो हनुमान जी, शिवजी और अन्य मूर्तियों पर रखे चांदी के मुकुट गायब थे। बदमाशों ने इस वारदात को शातिराना तरीके से अंजाम दिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान सामने आया है कि बदमाशों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मंदिर में लगे सीसीटीवी सिस्टम से छेड़छाड़ की है। उन्होंने कैमरे के पूरे फुटेज को ही फॉर्मेटकर दिया है।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### आखिर हर साल क्यों बेबस दिखते हैं लोग? आंधी-तूफान और बिजली ने मचाई तबाही

पिछले कुछ वर्षों से हर बार यह देखा जाता है कि एक ओर तूफान में पेड़ या घर गिरने जैसी घटनाओं की वजह से कई लोग मारे जाते हैं, तो दूसरी ओर घर से लेकर फसलों तक को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचता है। उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने एक बार फिर यही दर्शाया कि मौसम की मार से बचाव के लिए एहतियात बरतने से लेकर सटीक पूर्वानुमान को लेकर तकनीकी स्तर पर अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। राज्य के कई इलाकों में बुधवार की शाम को तेज आंधी-तूफान, बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि एक तरह से कहर बरपा रही थी और आम लोग उसके सामने लाचार थे। कई जगहों पर तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई। कितनी ही जगहों पर भारी पेड़ उखड़कर वाहनों पर गिर गए और सड़कों के किनारे लगे बोर्ड उड़कर तेज रफ्तार से जमीन पर गिरे। करीब चौबीस घंटों के दौरान करीब सौ लोगों की जान चली गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए। कई जिलों में दो हजार से ज्यादा गांवों में बिजली गुल हो गई। कुदरत के इस कहर के बाद मौसम विभाग ने राज्य के अड़तीस जिलों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने की आशंका के मद्देनजर पीली चेतावनी जारी की, लेकिन अफसोस की बात यह है कि पूर्वानुमानों के बावजूद कई बार ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं, जिनमें तूफान या बिजली गिरने की घटनाएं आम लोगों पर कहर बनकर टूटती हैं। जाहिर है, मौसम की अपनी गति होती है और प्रकृति में उथल-पुथल के नतीजे में ऐसे हालात पैदा हो सकते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि अमूमन हर वर्ष अचानक मौसम का रुख बिगड़ने की आशंका के बावजूद आम लोग इससे बचाव के लिए एहतियात नहीं बरत पाते। इसका खमियाजा यह सामने आता है कि जिन हालात में कुछ लोगों की जान बच सकती थी, उसमें नाहक ही कई लोगों की जान चली जाती है। राज्य में मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती ढांचे और दक्षिण राजस्थान से आ रही हवाओं के प्रभाव से वहां कई जगहों पर अस्सी से सौ किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। नतीजतन, बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ। कई जगहों पर न केवल घरों की छत उड़ गई, बल्कि लोगों के लिए पांव टिकाना भी मुश्किल था।

प्रसंगवश: 15 मई - अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

# सपनों की उड़ान अकेले नहीं, परिवार के पंखों से ऊँची होती है

मुश्किल वक्त सिर्फ परीक्षा है, और परिवार उसका सबसे मजबूत उत्तर | जब सब कुछ बदल जाए, लेकिन जो साथ कभी न बदले—वह परिवार है



टूटते रिश्तों की खामोशी जब जीवन में फैलती है, तो हर दिशा सूनी और अर्थहीन लगने लगती है। इंसान जीता तो है, पर भीतर से खाली हो जाता है। 15 मई, अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस, इसी सच को उजागर करता है कि परिवार ही वह अटूट आधार है, जो हमें स्थिरता देता है, कठिन समय में संभालता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा बनता है। यह दिन केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की जड़ों को मजबूत करने का आह्वान है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी घोषणा का उद्देश्य भी यही था—परिवार बिखरा, तो समाज का संतुलन डगमगा जाएगा। आज बढ़ती असमानताओं के दौर में यह दिवस हमें चेताता है कि परिवार ही वह सुदृढ़ कवच है, जो बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखता है।

परिवार की संरचना सदियों से बदल रही है, लेकिन उसका मूल मर्म आज भी प्रेम, सहयोग और जिम्मेदारी ही है। 1980 के दशक से संयुक्त राष्ट्र ने पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान दिया, जिसके चलते 1994 से यह दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन परिवारों को प्रभावित करने वाली सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय चुनौतियों की याद दिलाता है। आधुनिक युग में न्यूक्लियर परिवार बढ़े हैं, फिर भी संयुक्त परिवार की गर्मजोशी कई संस्कृतियों में बरकरार है। भारत में जहां 'परिवार' शब्द ही संस्कृति का पर्याय है, यह दिवस हमें सिखाता है कि परिवार सिर्फ रक्त के रिश्ते नहीं, बल्कि भावनात्मक बंधन है। 2026 की थीम 'परिवार, असमानताएँ और बाल कल्याण' दर्शाती है कि सशक्त परिवार ही समानता और बच्चों के सुरक्षित भविष्य का मार्ग बनाते हैं।

परिवार व्यक्ति के विकास की पहली पाठशाला है, जहाँ बच्चा भाषा के साथ संस्कार, नैतिकता और संघर्ष की क्षमता सीखता है। शोध बताते हैं कि मजबूत पारिवारिक सहारे वाले बच्चे चुनौतियों का सामना अधिक दृढ़ता से करते हैं। चंद्रयान-3 मिशन के दौरान वैज्ञानिकों के परिवारों ने लगातार समर्थन देकर लंबे कार्यदबाव में उनका मनोबल बनाए रखा—यह परिवार की अदृश्य शक्ति का उदाहरण है। परिवार आत्मविश्वास का आधार है, जो गिरने पर संभालता है और डर में हिम्मत देता है। इसके अभाव में बच्चे अकेलेपन और मानसिक तनाव से जूझ सकते हैं। इसलिए परिवार दिवस हर बच्चे के लिए इस सहारे की आवश्यकता याद दिलाता है।

दौड़ती-भागती आधुनिक जिंदगी ने परिवारों के सामने कई नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। शहरीकरण, काम का दबाव, सोशल मीडिया और आर्थिक असमानताएँ रिश्तों में दूरी बढ़ा रही हैं। कई माता-पिता रोज़गार के कारण बच्चों से दूर रहते हैं, जिससे भावनात्मक जुड़ाव कमजोर होता है। बढ़ती विषमताएँ गरीब परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित कर देती हैं। फिर भी कुछ परिवार इन हालात में मजबूत बनकर उभरते हैं। महामारी के दौरान कई परिवारों ने साथ रहकर संकट झेला—बच्चों ने ऑनलाइन पढ़ाई की, माता-पिता ने घर से काम किया। यह दिखाता है कि एकजुट परिवार कठिन समय में बड़ी शक्ति बनता है। परिवार टूटने से समाज में अपराध, अवसाद और अस्थिरता बढ़ती है, जो विकास को भी प्रभावित करती है।

राष्ट्र की नींव परिवारों पर ही टिकी होती है। सशक्त परिवार जिम्मेदार नागरिक गढ़ते हैं, जो देश के विकास में योगदान देते हैं। आर्थिक रूप से परिवार उपभोक्ता बनकर बाजार को गति देते हैं और मानव संसाधन भी तैयार करते हैं। बच्चों के कल्याण की शुरुआत परिवार से होती है—पोषण, शिक्षा और नैतिक दिशा यहीं मिलती है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें बताती हैं कि परिवार-केंद्रित नीतियाँ सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार हैं। भारत में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान भी परिवारों की भागीदारी से सफल हुए हैं। स्पष्ट है, स्वस्थ परिवार ही स्वस्थ समाज बनाते हैं; अन्यथा असमानताएँ बढ़ती जाएँगी। परिवार दिवस हमें यही सिखाता है कि नीतियों में परिवार को प्राथमिकता दी जाए।

तुर्की और सीरिया के हालिया भूकंप ने दुनिया को यह दिखाया कि टूटते मलबे के बीच भी परिवार की डोर नहीं टूटती—माँ ने बच्चों को बचाने के लिए घंटों उन्हें अपनी बाहों में थामे रखा, यह दृश्य वैश्विक संवेदना का प्रतीक बना। इसी तरह केरल के निपाह संकट में अस्पताल में भर्ती माता-पिता ने दूरी के बावजूद बच्चों की पढ़ाई और मानसिक साहस बनाए रखने के लिए लगातार संपर्क साधा। भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में भी अनेक परिवार सीमित साधनों के बीच शिक्षा को प्राथमिकता देकर बच्चों का भविष्य संवारते हैं। ये घटनाएँ साबित करती हैं कि परिवार केवल सामाजिक इकाई नहीं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी जीवित रहने वाली गहरी भावनात्मक शक्ति है। मजबूत परिवार ही बच्चों को हर संकट में स्थिर रखते हैं और जीवन की हर परीक्षा के लिए तैयार करते हैं।

रिश्तों की नींव छोटे रोज़मर्रा के प्रयासों से मजबूत होती है। परिवार को सशक्त बनाने के लिए व्यावहारिक कदम जरूरी हैं। माता-पिता बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएँ और संवाद को प्राथमिकता दें। सरकारें परिवार-समर्थक नीतियाँ जैसे मातृत्व अवकाश, बाल देखभाल और आर्थिक सहायता लागू करें। स्कूलों में परिवार शिक्षा शामिल हो ताकि संबंधों की समझ बढ़े। समुदाय स्तर पर ऐसे कार्यक्रम हों जहाँ परिवार अनुभव साझा कर सीखें। डिजिटल युग में सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग भी रिश्तों को जोड़ सकता है। इन प्रयासों से असमानताएँ घटेंगी और बच्चों का कल्याण मजबूत होगा। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस केवल तिथि नहीं, बल्कि निरंतर सुधार का संकल्प है।

अंधकार के बीच जो निरंतर स्थिर प्रकाश बनकर मार्ग दिखाता है, वह परिवार ही है। इस अवसर पर संकल्प होना चाहिए कि हर घर को सशक्त और संवेदनशील बनाया जाए, हर बच्चे को स्नेह, सुरक्षा और सम्मान मिले तथा समाज में एकता और भरोसा लगातार मजबूत हो। मजबूत परिवार ही मजबूत राष्ट्र और सुदृढ़ दुनिया की नींव बनते हैं। यह केवल भावनात्मक विचार नहीं, बल्कि व्यावहारिक सत्य है—जैसे गहरी और मजबूत जड़ें पेड़ को हर तूफान, आंधी और विपरीत परिस्थितियों में भी टिकाए रखती हैं। यह दिन हमें गहराई से याद दिलाता है कि परिवार की शक्ति को केवल समझना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे अपने जीवन में अपनाकर हर रिश्ते में सहेजना और आगे बढ़ाना ही सच्चा संकल्प है।

**कृति आरके जैन**
सृजनिका, बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

### भोजशाला फैसले से पहले धार में प्रशासन हाई अलर्ट पर, जुलूस-प्रदर्शन पर रोक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • भोजशाला मामले पर लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार अहम फैसला आने वाला है। इस संभावित निर्णय को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, और प्रशासनिक अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसी बीच, धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने जिले के नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि भोजशाला मामला संवेदनशील है, इसलिए सभी नागरिक जिम्मेदारी से व्यवहार करें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें। कलेक्टर मीना ने विशेष रूप से सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक, भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट साझा न करें। प्रशासन सोशल मीडिया की हर गतिविधि पर नजर रख रहा है, और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आदेश के तहत बिना अनुमति जुलूस, धरना, प्रदर्शन, पांच से अधिक लोगों की भीड़, हथियारों का प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर भड़काऊ या भ्रामक पोस्ट फैलाने पर प्रतिबंध रहेगा। पेट्रोल-डीजल को बोतल या कंटेनर में बेचने पर भी रोक लगाई गई है। प्रशासन ने होटल, लॉज संचालकों को आगंतुकों का रिकॉर्ड रखने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए हैं। आदेश 5 जून तक प्रभावशील रहेगा।

### ओंकारेश्वर में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम का विरोध, कार्रवाई के दौरान महिला बेहोश हुई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर के वाघ नगर क्षेत्र में बुधवार को नगर परिषद, राजस्व और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों ने विरोध किया। इस दौरान एक महिला बेहोश हो गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। तहसीलदार, थाना प्रभारी और नगर परिषद अमले की मौजूदगी में जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन का कहना है कि ओंकारेश्वर में सिंहस्थ की तैयारियों के चलते अतिक्रमण हटाया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम डुहिक्या में भी अतिक्रमण हटाया। एसडीएम पकंज वर्मा ने बताया बाहर से आए लोगों की सूची तैयार की गई है उन्हें बाहर किया जाएगा। जो वास्तविक ओंकारेश्वर के निवासी हैं। उनका विस्थापन किया जाएगा।

# मार्शल आर्ट ट्रेनर को सर कलम की धमकी इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक मैसेज भेजे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • शहर में बेटियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने वाले एक मार्शल आर्ट प्रशिक्षक को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं साइबर सेल भी पूरे मामले की तकनीकी जांच में जुट गई है। बलवंत सिंह देवड़ा ने बताया कि 11 मई की शाम करीब 4 बजे उनकी इंस्टाग्राम आईडी पर एक अज्ञात प्रोफाइल से लगातार आपत्तिजनक और धमकी भरे संदेश भेजे गए। उन्होंने बताया कि संदेशों में धार्मिक प्रतीकों के साथ छेड़छाड़ भी की गई थी। इसके बाद लगातार वॉइस मैसेज आने लगे, जिनमें कहा गया कि वे इस तरह के वीडियो बनाना बंद कर दें। बलवंत सिंह देवड़ा ने बताया कि धमकी देने वाले ने मैसेज में कहा कि यदि वीडियो बनाना बंद नहीं किया तो 'गर्दन उड़ा देंगे'। साथ ही कई आपत्तिजनक शब्दों का भी उपयोग किया गया।

उन्होंने बताया कि बाद में एक और मैसेज भेजा गया, जिसमें हथियार के साथ एक फोटो भेजकर डराने का प्रयास किया गया। वॉइस



मैसेज में कहा गया कि 'हम कई सालों से तुम्हारी रेकी कर रहे हैं, हमें पता है तुम्हारा घर कहां है और जल्द ही घर में घुसकर मार देंगे।' वे इस समय धार में दुर्गा ब्रिगेड द्वारा बालिकाओं के लिए 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में मार्शल आर्ट प्रशिक्षक बलवंत सिंह देवड़ा बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखा रहे हैं। बलवंत सिंह देवड़ा ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार के फेक वीडियो बनाना नहीं, बल्कि सेल्फ डिफेंस और मोटिवेशनल वीडियो के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाना है।

उन्होंने बताया कि उनका 'मिशन एक्शन ऑन द स्पॉट' पूरे भारत में संचालित हो रहा है और इसे विदेशों में भी सराहा गया है। इस मिशन का उद्देश्य लड़कियों को शारीरिक, मानसिक, तकनीकी और मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि जरूरत पड़ने पर वे अपनी सुरक्षा खुद कर सकें। उनके अनुसार, इस मिशन से देशभर में करीब साढ़े तीन से चार लाख लड़कियां जुड़ी हुई हैं। बलवंत सिंह देवड़ा ने बताया कि इससे पहले भी उन्हें सोशल मीडिया पर छोटी-मोटी धमकियां मिल चुकी हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ समय पहले खालिस्तानी समर्थकों और लश्कर-ए-तैयबा के नाम से भी धमकी भरे संदेश मिले थे। धमकी मिलने के बाद बलवंत सिंह देवड़ा ने गुरुवार को कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल उस इंस्टाग्राम प्रोफाइल के यूआरएल, गतिविधियों और संबंधित मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच कर रही है, जिससे धमकी भरे संदेश भेजे गए थे। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# बाग में 5.73 करोड़ का नया अस्पताल तैयार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • धार जिले के बाग में 30 बिस्तरों वाला नया अस्पताल भवन बनकर तैयार है, लेकिन शिफ्टिंग में हो रही देरी से ग्रामीण परेशान है। वर्तमान में अस्पताल नगर से 2 किलोमीटर दूर मॉडल स्कूल के भवन में अस्थायी रूप से संचालित हो रहा है, जिससे आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को समय पर इलाज मिलने में कठिनाई होती है। वैष्णवी कंस्ट्रक्शन कंपनी भोपाल को वर्ष 2022 में 5.73 करोड़ रुपये की लागत से इस भवन का ठेका दिया गया था। निर्माण कार्य 2023 में शुरू हुआ और इसे डेढ़ वर्ष में पूर्ण करना था। हालांकि, तीन साल बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग इस भवन में पूरी तरह शिफ्ट नहीं हो सका है। उल्लेखनीय है कि इस बिल्डिंग की छत पर 50 लाख की अतिरिक्त लागत से एक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भी निर्माण किया गया है। भवन की सुरक्षा के लिए प्रस्तावित बाउंड्रीवॉल को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (ह।रू) और स्वास्थ्य विभाग के दावों में अंतर दिख रहा है। पिछले माह एनएचएम के ईई पी.के. जैन ने बाउंड्रीवॉल का कार्य शेष होने की बात कही थी, जबकि धार की सीएमएचओ डॉ. अनीता सिंगारे का कहना है कि



बाउंड्रीवॉल के लिए अलग से कोई राशि स्वीकृत नहीं है। अब सुरक्षा के नाम पर अस्पताल के चारों ओर केवल तार फेंसिंग करवाई जाएगी।

#### माह के अंत तक लोकार्पण की उम्मीद

सीएमएचओ ने आश्वस्त किया है कि नए भवन का लोकार्पण इसी माह के अंत तक कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की इस देरी के कारण रात के समय आकस्मिक चिकित्सा के लिए डॉक्टरों और मरीजों दोनों को 2 किलोमीटर दूर मॉडल स्कूल तक जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द नए भवन में सुविधाएं शुरू की जाएं ताकि उन्हें सुगम इलाज मिल सके।



### पेट्रोल-डीजल बचत पर शहरकाजी बोले- बुलडोजर को आराम दे प्रशासन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • खंडवा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डीजल-पेट्रोल बचाने की अपील के बीच शहरकाजी सैयद निसार अली की एक सोशल मीडिया पोस्ट चर्चा का विषय बन गई है। शहरकाजी ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि जब आम लोगों से ईंधन बचाने की बात की जा रही है, तो प्रशासन को भी डीजल से चलने वाली जेसीबी मशीनों को एक साल के लिए 'आराम' देना चाहिए। शहरकाजी सैयद निसार अली ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में जेसीबी का फोटो शेयर करते हुए लिखा कि, 'एक साल के लिए पेट्रोल, डीजल की बचत के आह्वान के बाद खंडवा प्रशासन को भी डीजल से चलने वाली जेसीबी (बुलडोजर) को आराम देना चाहिए? इससे आम लोगों का काफी नुकसान हो रहा हैं।

### ग्राइंडर का कटर गर्दन में धंसने से मौत, मोटर वाइंडर की दुकान पर काम के दौरान हादसा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • जिले के मूंदी नगर में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में मोटर वाइंडर की मौत हो गई। पालसूद रोड स्थित दुकान पर काम करते समय ग्राइंडर मशीन का कटर अचानक उछलकर उसकी गर्दन में जा धंसा। गंभीर चोट और अत्यधिक खून बहने के कारण अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, महाजन मोहल्ला निवासी 48 वर्षीय कमलेश गंगराडे पालसूद रोड स्थित अपनी मोटर वाइंडिंग की दुकान पर रोजाना की तरह काम कर रहे थे। दोपहर में वे ग्राइंडर मशीन से काम कर रहे थे, तभी अचानक मशीन का कटर तेज रफ्तार से उछला और सीधे उनकी गर्दन में जा लगा। हादसा इतना भयावह था कि कटर गर्दन में गहराई तक धंस गया। घटना के बाद दुकान के आसपास अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में कमलेश को तुरंत निजी वाहन से मूंदी के शासकीय अस्पताल ले जाया गया। लेकिन तब तक काफी खून बह चुका था। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।



## सारा टेलर पुरुष क्रिकेट टीम की कोच बनने वाली पहली महिला

**लंदन (एजेंसी)** • इंग्लैंड की पूर्व विकेटकीपर सारा टेलर को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए सीनियर पुरुषों की टेस्ट टीम का क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के क्रिकेट निदेशक रॉब की ने यह घोषणा की। महिला क्रिकेट के इतिहास की महानतम खिलाड़ियों में से एक मानी जाने वाली 37 वर्षीय टेलर ने एंड्रयू फ्लिंटॉफ के नेतृत्व में इंग्लैंड लायंस (इंग्लैंड ए) टीम के साथ भी काम किया है। वहां उनके शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें सीनियर टीम के सहयोगी स्टाफ में जगह मिली है।

## सुपर जायंट्स को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी सीएसके

**लखनऊ (एजेंसी)** • शुरुआती मैचों में लडखड़ाहट और लचर प्रदर्शन के बाद पटरी पर लौटी चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। शुक्रवार को उसका मुकाबला प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ है। एलएसजी के लिए ये मैच तो सिर्फ प्रतिष्ठा का मुकाबला है, लेकिन सीएसके की प्लेऑफ की दावेदारी दांव पर होगी। मैच से पहले ही टीम को बड़ा झटका लग चुका है। तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन को चोट की वजह से इंग्लैंड लौटना पड़ा है। वहीं महेंद्र सिंह धोनी इस मैच में भी नहीं खेलेंगे। उनका लखनऊ के लिए टिकट भी बुक हुआ था, लेकिन वह टीम के साथ नहीं गए। चेन्नई ने टूर्नामेंट के दूसरे चरण में समय पर जीत दर्ज करके अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं, जबकि लखनऊ की टीम का प्रदर्शन बेहद ही खराब रहा। चेन्नई को अपने बाकी सारे मैच जीतने के अलावा दूसरे मैचों के नतीजे भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी।

चेन्नई फिलहाल 11 मैचों में से छह जीतकर पांचवें स्थान पर है। अच्छी फिनिशिंग न होने के कारण आलोचना झेलने वाली पांच बार की चैंपियन चेन्नई





टीम ने संजू सैमसन, उर्विल पटेल, कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और कुछ उदीयमान खिलाड़ियों के दम पर अच्छी वापसी की। दूसरी ओर लखनऊ को कप्तान ऋषभ पंत के लगातार खराब फॉर्म का खामियाजा भुगतना पड़ा।

# दिशा पाटनी भी ग्लोबल मंच पर बना रही पहचान

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री दिशा पाटनी भी ग्लोबल मंच पर अपनी पहचान बनाने की तैयारी कर रही हैं। दिशा पाटनी की पहली इंटरनेशनल फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसने काफी चर्चा बटोर ली है। यह फिल्म एक काल्पनिक और रहस्यमयी दुनिया की कहानी पर आधारित है। 'स्टेटिगार्ड्स वर्सेज होलीगार्ड्स' नाम की नई फिल्म सीरीज की यह पहली कड़ी है। फिल्म की कहानी लाडो ओखोटनिकोव ने तैयार की है। इसमें दो प्राचीन शक्तियों के बीच संघर्ष को दिखाया गया है। एक पक्ष दुनिया में संतुलन और नियम बनाए रखने की बात करता है, जबकि दूसरा पक्ष अलग विचारधारा और नई दिशा का समर्थन करता है। इसी टकराव के बीच दिशा पाटनी का किरदार जेसिका सबसे अहम भूमिका में नजर आता है। फिल्म में जेसिका को एक ऐसी युवती के रूप में दिखाया गया है, जिसका संबंध दोनों विरोधी गुटों से है। वह दोनों पक्षों के नेताओं की बेटी है और इसी वजह से उसे दो दुनियाओं के बीच एक मजबूत कड़ी माना जाता है। कहानी में दुनिया का भविष्य उसके फैसलों पर निर्भर करता दिखाई देता है। ट्रेलर में यह भी दिखाया गया है कि जेसिका अपनी रहस्यमयी शक्तियों को समझने और नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है। उसके सामने सिर्फ दुश्मनों से लड़ने की चुनौती नहीं है, बल्कि अपनी असली पहचान खोजने और सही रास्ता चुनने की जिम्मेदारी भी है।



## फीफा विश्व कप के मेगा शो में नजर आयेंगी मैडोना, बीटीएस और शकीरा

**लॉस एंजेलिस (एजेंसी)** • फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मेगा हाफटाइम शो में इस बार पॉप सिंगर मैडोना, पॉप स्टार शकीरा के अलावा दक्षिण कोरिया की बीटीएस भी कार्यक्रम पेश करेगी जबकि उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही कार्यक्रम पेश करेंगी। इस प्रकार ये विश्वकप दूनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस विश्वकप में अमेरिकी सुपर बाउल की तरह ही एक मेगा हाफटाइम शो का आयोजन भी किया जाएगा। फीफा ने हाल ही में एक टीजर वीडियो जारी कर इस मेगा इवेंट की घोषणा की है। इस वीडियो में मशहूर संगीतकार क्रिस मार्टिन और लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर एल्मो के साथ मपेट शो के कई किरदार भी दिखे। जिन्होंने मैडोना, बीटीएस और शकीरा जैसे ग्लोबल आइकॉन के नामों की घोषणा की। इसके बाद से ही सोशल मीडिया में प्रशंसकों में उत्साह है। इस हाफटाइम शो से होने वाली संपूर्ण कमाई फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड को दान की जाएगी। इस नेक पहल का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के जरूरतमंद बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फुटबॉल की बेहतर सुविधाएं पहुंचाना है। इस फंड के माध्यम से लगभग 100 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लाखों बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला 19 जुलाई को न्यू जर्सी में खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून से होगा। बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही भी समारोह में कार्यक्रम पेश करेगी। नोरा कनाडा के टोरंटो में स्थित बीएमओ फील्ड में 12 जून को होने वाले इस भव्य समारोह में गायन और नृत्य दोनों प्रस्तुत करेंगी। उनके साथ कनाडा के दिग्गज कलाकार माइकल बुबले, अलानिस मोरिसेट और एलेसिया कारा सहित कई बड़े कलाकर भी मंच पर नजर आयेंगे।



## 'इंस्पेक्टर अविनाश' में आंतरिक भावनाओं की जरूरत: उर्वशी

**मुंबई (एजेंसी)** • वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश के नए सीजन में पूनम मिश्रा के दमदार किरदार में अभिनेत्री उर्वशी रौतेला पुन: वापसी कर रही हैं। उर्वशी ने अपने किरदार और अभिनय के दृष्टिकोण को लेकर कुछ बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि उनकी सार्वजनिक छवि हमेशा ग्लैमर और बाहरी सुंदरता से जुड़ी रही है, लेकिन इंस्पेक्टर अविनाश जैसे प्रोजेक्ट्स में दिखावे और चमक-धमक से कहीं अधिक सच्ची और आंतरिक भावनाओं की जरूरत होती है। मीडिया से चर्चा में उर्वशी ने खुलासा किया कि एक कलाकार के रूप में वास्तविक रूप से आगे बढ़ने और अपने काम को निखारने के लिए परफॉर्मेंस वैनिटी यानी हर फ्रेम में एकदम परफेक्ट और खूबसूरत दिखने की सोच को त्यागना बेहद आवश्यक होता है। उन्होंने स्पष्ट किया, लोग अक्सर मुझसे हर फ्रेम, हर अभिव्यक्ति और हर पल में परफेक्शन की उम्मीद करते हैं, क्योंकि मेरी छवि वर्षों से ग्लैमरस रही है। लेकिन इंस्पेक्टर अविनाश जैसे गंभीर और यथार्थवादी प्रोजेक्ट विजुअल परफेक्शन से ज्यादा भावनात्मक ईमानदारी और सच्चाई की मांग करते हैं। अभिनेत्री ने बताया कि पूनम मिश्रा के इस किरदार को निभाने के लिए, उन्होंने खुद को वर्तमान क्षण में अधिक प्रेजेंट रखने पर ध्यान केंद्रित किया। उर्वशी ने कहा, असल जिंदगी में जब लोग किसी मुश्किल या दर्दनाक हालात से गुजर रहे होते हैं, तो वे यह नहीं सोचते कि वे कैसे दिख रहे हैं। वे केवल उस स्थिति पर प्रतिक्रिया दे रहे होते हैं, उन हालातों से जूझ रहे होते हैं, और अपनी भावनाओं को गहराई से महसूस कर रहे होते हैं। एक अभिनेता के तौर पर इस सच्चाई को समझना और उसे अपनी प्रस्तुति में उतारना मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण था। उर्वशी ने यह भी बताया कि संयमित अभिनय, यानी कम शब्दों, शांत शारीरिक भाषा और नियंत्रित भावों के जरिए गहरी भावनाएं व्यक्त करना, अक्सर अधिक नाटकीय अभिनय से कहीं ज्यादा मुश्किल होता है।

## उज्जैन संभाग

# सांसद ई-बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पम्प पहुंचे, लोगों को पीएम मोदी का सन्देश दिया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सांसद अनिल फिरोजिया गुरुवार को शहर के लंगर पेट्रोल पंप पहुंचे, जहां उन्होंने पेट्रोल भरवाने आए लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का हवाला देते हुए पेट्रोल-डीजल का उपयोग केवल आवश्यकता पड़ने पर ही करने की सलाह दी। इस दौरान सांसद खुद ई-बाइक से पेट्रोल पंप पहुंचे और लोगों को ईंधन बचत और वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग का संदेश दिया। ईरान-अमेरिका तनाव के बीच देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील के बाद सांसद अनिल फिरोजिया भी देवास रोड स्थित पेट्रोल पंप पर ई-बाइक से पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं भी ई-व्हीकल का उपयोग शुरू कर दिया है और शाम के समय साइकिल से भ्रमण कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि आसपास कहीं जाना हो तो ई-व्हीकल या साइकिल का उपयोग करना चाहिए। यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सांसद ने लोगों से यह अपील भी की कि घूमने के लिए विदेश जाने के बजाय भारत के पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता दें। अनिल फिरोजिया ने कहा



कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल बचाने, एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचने और विदेश यात्राएं कम करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल और सोने का आयात डॉलर में होता है। यदि देशवासी इनकी खपत कम करेंगे तो विदेशी मुद्रा की बचत होगी और देश आर्थिक रूप से अधिक मजबूत बनेगा। इधर, उज्जैन में सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने संत समाज साइकिल से पहुंचा। इस दौरान संतों ने पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और सादगी का संदेश भी दिया। रणमुक्तेश्वर गादीपति महंत महावीर नाथ महाराज साइकिल चलाकर भैरवगढ़ क्षेत्र के घाटों का निरीक्षण करने पहुंचे, जबकि उनके अनुयायी पीछे ई-रिक्शा में चलते नजर आए। संत समाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की बचत को लेकर दिए गए संदेश और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अपने काफिले को छोटा किए जाने से उन्हें प्रेरणा मिली है।

महंत महावीर नाथ महाराज ने बताया कि इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए संत समाज ने निर्णय लिया है कि आगामी एक वर्ष तक सिंहस्थ से जुड़े विकास कार्यों का निरीक्षण साइकिल से ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य ईंधन की बचत करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और आमजन तक सकारात्मक संदेश पहुंचाना है। संतों ने उज्जैन में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शहर को व्यवस्थित और सुंदर स्वरूप दिया जा रहा है, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को उज्जैन का नया रूप देखने को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी सिंहस्थ और महाकुंभ भव्य और ऐतिहासिक रूप में आयोजित होगा, जिसके लिए प्रशासन और सरकार तेजी से काम कर रहे हैं।

## सराफा बाजार में ग्राहकी 40% तक घटी, मुख्य बाजार सूने

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक साल से सोना नहीं खरीदने की अपील का असर बाजार में दिखाई देने लगा है। उज्जैन के प्रमुख सराफा बाजारों में सोना-चांदी की ग्राहकी में 30 से 40 प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा रही है। इस स्थिति ने छोटे कारोबारियों को चिंता में डाल दिया है। गुरुवार को उज्जैन में सोना 157500 रुपए प्रति ग्राम बिका। शहर के पटनी बाजार, फ्रीगंज और नयापुरा क्षेत्र के व्यापारियों का कहना है कि बढ़ती कीमतों, अंतरराष्ट्रीय हालात और बाजार में बनी अनिश्चितता के कारण खरीदारी प्रभावित हुई है। कई व्यापारियों ने दावा किया कि आम दिनों की तुलना में सोने की बिक्री 30 से 40 प्रतिशत तक घट गई है। दोपहर 12 बजे खुलने वाले पटनी बाजार में दिनभर भीड़ रहती थी, पर तीन दिन से ऐसा नहीं है।

**छोटे व्यापारियों पर बड़ा असर पड़ा**- पटनी बाजार ज्वेलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत सोनी ने बताया कि पीएम मोदी ने हाल ही में पेट्रोल-डीजल बचाने, अनावश्यक यात्रा नहीं करने और एक साल तक सोना खरीदने से बचने की अपील की थी। इसका असर ये हुआ कि दुकानों से भीड़ गायब हो गई। सोनी ने कहा कि पहले से सोना-चांदी के भाव बढ़ने के कारण व्यापार में मंदी थी। सोने पर इंपोर्ट ड्यूटी भी 6 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है, जिससे सोना और महंगा हो गया है। इसका छोटे व्यापारियों पर बड़ा असर पड़ा है।

**छोटी ग्राहकी कम हुई, बड़े सौदे जारी**- व्यापारियों के मुताबिक सामान्य दिनों में उज्जैन के तीन बड़े बाजारों में रोजाना करीब एक किलो सोने की बिक्री होती थी, लेकिन अब खपत में उल्लेखनीय कमी आई है। छोटे और मध्यम कारोबारियों का कहना है कि बाजार में छोटी ग्राहकी कमजोर हुई है, जबकि निवेशक स्तर पर बड़े सौदे अब भी हो रहे हैं। सराफा कारोबारियों ने सुझाव दिया कि लोगों को पुराने सोने की रि-साइक्लिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे ग्राहकों पर नया सोना खरीदने का दबाव कम होगा और छोटे व्यापारियों का कारोबार भी चलता रहेगा। व्यापारियों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में छोटे सराफा कारोबारियों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है।

## महाकाल मंदिर में खोया 5 लाख का ब्रेसलेट, उठाने वाले को सीसीटीवी की मदद से पहचाना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार को दर्शन के दौरान एक श्रद्धालु का करीब 5 लाख रुपए कीमत का हीरे जड़ा ब्रेसलेट गुम हो गया। मंदिर प्रशासन और आईटी शाखा की सक्रियता से ब्रेसलेट महज डेढ़ घंटे में 40 किलोमीटर दूर तराना क्षेत्र से सुरक्षित बरामद कर श्रद्धालु को लौटा दिया गया। जानकारी के मुताबिक इंदौर से आए श्रद्धालु देर रात बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। इसी दौरान उनका कीमती ब्रेसलेट मंदिर परिसर में कहीं गिर गया। ब्रेसलेट गायब होने का पता चलते ही उन्होंने मंदिर की आईटी शाखा को सूचना दी। सूचना मिलते ही मंदिर समिति के कर्मचारी निर्मल सांखला, एसटीएफ के रोहित ठाकुर और इंदर सिंह मेवाड़ा ने तत्काल मंदिर परिसर में लगे ष्टष्ट्ञ्ङ्क कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। मॉनिटरिंग टीम ने बारीकी से रिकॉर्डिंग की जांच की।

आईटी शाखा अधिकारी दीपक परमार ने बताया कि फुटेज में एक व्यक्ति ब्रेसलेट उठाकर उसे जेब में रखते हुए नजर आया। वह व्यक्ति ब्रेसलेट जमा कराने के बजाय मंदिर परिसर से बाहर निकल गया था। इसके बाद टीम ने लगातार कैमरों के जरिए उसकी पहचान और लोकेशन ट्रेस की।जांच में पता चला कि संदिग्ध व्यक्ति तराना क्षेत्र का रहने वाला है। सूचना मिलते ही मंदिर प्रशासन की टीम तुरंत तराना पहुंची और उसके पास से ब्रेसलेट सुरक्षित बरामद कर लिया।

पूरी कार्रवाई बेहद तेजी से की गई और करीब डेढ़ घंटे के भीतर श्रद्धालु को उनका कीमती ब्रेसलेट वापस सौंप दिया गया। सुरक्षा कारणों से श्रद्धालु की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है।



# धार भोजशाला पर आज आएगा फैसला, सभी की नजरें; मंदिर, मस्जिद या फिर पाठशाला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर/धार** • धार भोजशाला पर मंगलवार 12 मई को सुनवाई पूरी हो गई है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 6 अप्रैल से लगातार 23 दिन सुनवाई हुई। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी ने पूरी सुनवाई की। अब इसमें आज लंबा विस्तृत आदेश आने की संभावना है। इंदौर हाईकोर्ट ने अपनी वेबसाइट में पर जजमेंट डिलीवर होने की सूचना जारी कर दी है। वहीं इसे देखते हुए कानून व्यवस्था के लिए अधिकारी भी सतर्क हो चुके हैं।

हिंदू पक्ष की ओर से इस मामले में मंदिर घोषित किए जाने की मांग की गई है। उधर मुस्लिम पक्ष इसे मस्जिद बताते हुए वक्फ संपत्ति के कारण अपना दावा कर रहे हैं। जैन पक्ष भी जैन मंदिर का दावा कर रहा है। वहीं वाग्देवी की प्रतिमा को जैन धर्म की अंबिका देवी प्रतिमा कहा गया। वहीं एक अन्य पक्ष ने कानून व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है।

मंदिर के दावे को मुस्लिम ने यह कहकर खारिज किया कि वहां कभी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा नहीं हुई। वहीं मस्जिद का दावा हिंदू पक्ष ने खासकर एएसआई की रिपोर्ट पर खारिज किया जिसमें कहा गया है कि मस्जिद पुराने स्ट्रक्चर को तोड़कर ही बनी है। लेकिन यह तथ्य आ रहा है कि पहले संस्कृत पाठशाला थी और इसके कई दस्तावेज रिकार्ड है। सभी के अपने दावे और प्रमाण और सुप्रीम कोर्ट के विविध केस का हवाला है। अब नजरें है कि यह मंदिर घोषित होगा, मस्जिद माना जाएगा या फिर पुरानी पाठशाल के रूप में इसे मान्य किया जाएगा।

**इन सभी अधिवक्ताओं ने रखे हैं तर्क**–इसमें शासन पक्ष की ओर से एजी प्रशांत सिंह ने तो वहीं हिंदू पक्ष की ओर से मुख्य याचिकाकर्ता आशीष गोयल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन, अधिवक्ता विनय जोशी, पार्थ यादव आदि ने बात रखी। एएसआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता व एडिशनल सालिसिटर जनरल सुनील जैन थे। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद, अजहर वारसी, नूर अहमद थे, तो एक अन्य याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन थी। एक अन्य याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता एके चितले व कार्तिक चितले थे।





**हिंदू पक्ष की ओर से तर्क और मांग**–हिंदू समाज की मांग है कि भोजशाला में अनुच्छेद 25 के अनुसार पूजा का अधिकार मिले तथा मुस्लिम समाज को भोजशाला परिसर में किसी भी धार्मिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाए। केंद्र सरकार को आदेशित किया जाए कि भोजशाला हेतु एक ट्रस्ट बनाया जाए जिससे कि भोजशाला का संचालन एवं प्रबंध किया जा सके। ट्रस्ट को यह आदेशित किया जावे कि मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा एवं अर्चना निर्बाध रूप से कराई जाए। भोजशाला परिसर में मुस्लिम समाज द्वारा की जा रही नमाज बंद हो। भारतीय पुरातत्व संरक्षण विभाग के 7 अप्रैल 2003 के आदेश को निरस्त किया जाए एवं हिंदू समाज को नियमित प्रतिदिन पूजा करने का अधिकार मिले। ब्रिटिश म्यूजियम में रखी माँ वाग्देवी की प्रतिमा को पुनः वापस लाया जावे एवं भोजशाला धार में स्थापित किया जाए।

**सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की मांग**–उधर अन्य याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि फैसला कुछ भी हो लेकिन ऐसे दिशा निर्देश दिए जाएं कि यहां पर सौहार्द माहौल बना रहे। बात हिंदू और मुस्लिम की नहीं है., बात संविधान की है और कानून व्यवस्था की है। ऐसे में इस तरह के दिशा निर्देश तय किए जाएं कि फिर कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

### हिंदू फ्रंट की ओर से लगी थी याचिका

साल 2022 में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रंजनाजी अग्निहोत्री एवं उनके साथियों द्वारा याचिका दायर हुई थी। उच्च न्यायालय इंदौर में भोजशाला का धार्मिक स्वरूप तय कर हिंदू समाज के पूर्ण आधिपत्य के लिए याचिका क्रमांक 10497/ 2022 लगाई गई थी। इस पर हाईकोर्ट ने आदेश दिए और वहां 98 दिन तक वैज्ञानिक सर्वे हुआ। फिर सुप्रीम कोर्ट में मामला गया और वहां से हाईकोर्ट को केस की सुनवाई तय समय में करने के लिए कहा गया। इसके बाद सभी याचिकाएं लिंक करके सभी को सुना गया। इसमें जैन समाज ने भी याचिका दायर की ओर कहा कि यह जैन मंदिर है। वहीं मुस्लिम पक्ष का दावा है कि यह मस्जिद है।

### मुस्लिम पक्ष का दावा

वहीं मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यह मस्जिद है। साल 1935 से यह वक्फ संपत्ति है। यदि मंदिर होता तो मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होती लेकिन इसके कोई प्रमाण नहीं है। कैरेक्टर तय करने का अधिकार सिविल कोर्ट को है। यहां पर वरशिप एक्ट लागू नहीं होता है। वैज्ञानिक सर्वे में कार्बन डेटिंग का उपयोग नहीं हुआ ऐसे में तय नहीं कि यह परमारकालीन निर्माण है। पूरा सर्वे गलत है। यह सिविल वाद है और कायदे से इसकी सुनवाई जिला कोर्ट में होना चाहिए इसलिए याचिका ही मेंटेनेबल नहीं है। जो प्रतिमा वाग्देवी की बताई जा रही है वह इस परिसर में मिली ही नहीं थी।

---

**भागीरथपुरा दूषित पानी कांड : हाईकोर्ट में सुनवाई टली**

# नेताओं के नाम हटाने की मांग पर अब वेकेशन बाद होगी सुनवाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर/धार** • इंदौर के चर्चित भागीरथपुरा दूषित पानी कांड में हुई 36 मौतों को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ में दायर छह जनहित याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई हुई। हालांकि एक याचिका में पक्षकार बनाए गए निगम एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद कमल वाघेला और तत्कालीन अपर कमिश्नर रोहित सिसोनिया द्वारा नाम हटाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई नहीं हो सकी।

मामले की सुनवाई जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच में प्रस्तावित थी। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले याचिका दायर कर पक्षकार बनाया गया और अब नाम हटाने के आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इसमें कोई अत्यावश्यक





परिस्थिति नहीं है, इसलिए अब इस मामले में सुनवाई न्यायालयीन अवकाश के बाद की जाएगी। एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू और पार्षद कमल वाघेला ने अपने आवेदन में कहा है कि भागीरथपुरा जल प्रदूषण प्रकरण में उनकी कोई प्रत्यक्ष भूमिका या जिम्मेदारी नहीं है। इसलिए उनका नाम याचिका से हटाया जाए। इसी प्रकार तत्कालीन अपर कमिश्नर व आईएएस अधिकारी रोहित सिसोनिया को भी याचिका में पक्षकार बनाया गया है। गौरतलब है कि भागीरथपुरा क्षेत्र में दिसंबर 2025 के आखिरी हफ्ते में दूषित पानी की आपूर्ति के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। इस मामले में 36 लोगों की मौत होने हुई है। पूरे मामले को लेकर हाईकोर्ट में कई जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं। भागीरथपुरा हादसे के बाद नगर निगम के जलप्रदाय विभाग में पिछले वर्षों में हुए करोड़ों रुपये के खर्च भी जांच के दायरे में आ गए हैं। राज्य सूचना आयोग ने नगर निगम के जलप्रदाय विभाग को वर्ष 2018 से 2022 तक विभिन्न बजट मदों में किए गए भुगतान और खर्चों का पूरा रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश पूर्व पार्षद दिलीप कौशल द्वारा मांगी गई जानकारी के संदर्भ में जारी किया गया है। आयोग ने निगम प्रशासन को 29 मई 2026 तक पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है।

---

# इंदौर में कैसे रुकेंगे मंत्री और वीवीआईपी पीडब्ल्यूडी के एक आदेश ने बदली व्यवस्था

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश शासन में हर जिले में कलेक्टर के पास प्रोटोकॉल की जिम्मेदारी होती है। वह प्रोटोकॉल का दायित्व संभालता है। इसके तहत मंत्री से लेकर सभी वीवीआईपी और उनके साथ आए सदस्यों के रुकने, सुरक्षा और अन्य इंतजाम किए जाते हैं। वहीं, अब इसमें बदलाव हो गया है। इसकी वजह पीडब्ल्यूडी विभाग का एक आदेश बना है।

पीडब्ल्यूडी विभाग के उप सचिव एआर सिंह ने हाल ही में एक पत्र जारी किया है। यह सभी कलेक्टरों के पास पहुंचा है। इसमें पीडब्ल्यूडी के अधीन आने वाले भवन और विश्राम भवन के कक्ष कौन आरक्षित कर सकता है, यानी आवंटित करेगा, इसकी सूची तय कर दी गई है। इसके तहत जिला कलेक्टर को केवल उनके सर्किट हाउस तक सीमित कर दिया गया है। बाकी भवनों के कक्षों का आरक्षण संबंधित जिले के कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी के अधीन किया गया है। इसी तरह राजधानी भोपाल में भी सर्किट हाउस राज्य प्रोटोकॉल अधिकारी को दिया गया है। साथ ही, राजधानी के अन्य भवनों का अधिकार चीफ इंजीनियर (कार्यालय प्रमुख) पीडब्ल्यूडी को दिया गया है।

मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा रेस्ट हाउस पीडब्ल्यूडी के पास हैं। ये अभी तक कलेक्टर के अधीन होते थे और वह प्रोटोकॉल के हिसाब से इन कक्षों का आवंटन वीवीआईपी को करते थे। वहीं, अब उनके पास केवल सर्किट हाउस के कक्ष ही रह जाएंगे, जो न के बराबर होते हैं। वहीं इंदौर जैसे शहरों में इनमें मुख्य तौर पर सीएम के लिए कमरे आरक्षित रहते हैं। इसी तरह राज्यपाल और अन्य संवैधानिक उच्च पद वालों के लिए भी कमरे सुरक्षित रहते हैं।

### इंदौर कलेक्टर के पास केवल 4 कमरे

यदि इंदौर की बात करें तो रेसीडेंसी भवन में 24 कमरे हैं। वहीं, इसमें से कलेक्टर के पास सर्किट भवन के रूप में केवल चार ही कमरे हैं। बाकी रेसीडेंसी भवन, विश्राम गृह आदि के 20 कमरे अब नए आदेश के बाद पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के अधीन होंगे। यानी प्रशासन को इन्हें किसी वीवीआईपी को आवंटित करने से पहले पीडब्ल्यूडी से बात करनी होगी।

### प्रोटोकॉल संभालने में आएगी समस्या

इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर चिंता में हैं। चर्चा यह भी है कि जब वीवीआईपी की सुरक्षा, ठहरने, भोजन और सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी प्रोटोकॉल अधिकारी यानी कलेक्टर की होती है, तो फिर वह यह सब कैसे मैनेज करेंगे?

### क्यों किया गया यह आदेश?

बताया जा रहा है कि इस आदेश के पीछे बड़ी वजह यह है कि कलेक्टर के पास ये कक्ष होने से अधिकांश समय पीडब्ल्यूडी अपने अधिकारियों को ये कमरे नहीं दे पाता था। वहीं कलेक्टर के पास भी अतिरिक्त बोझ होता है। ऐसे में यह विकेंद्रित (विभाजित) व्यवस्था की बात कही गई, जिससे छोटी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी इंजीनियर स्तर पर विभाग मैनेज करे। इसके बाद यह नया आदेश जारी कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रोटोकॉल हमेशा से प्रशासन का अभिन्न हिस्सा रहा है। वहीं, वीवीआईपी इसके लिए सीधे कलेक्टर से संपर्क में रहते हैं। उन्हें ही मैसेज, फैक्स करके कक्ष और अन्य व्यवस्थाएं करवाई जाती हैं।

---

**सांसद ने जमा किया 70 हजार रुपए कचरा शुल्क**

# दशहरा मैदान पर मालवा उत्सव से फैली गंदगी, खिलाड़ियों की आपत्ति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • दशहरा मैदान पर मालवा उत्सव 6 से 11 मई 2026 तक आयोजित किया गया, इस दौरान मेला, खान-पान सहित कई दुकानें लगाई गई जिससे पूरे मैदान में कचरा फैला, जिस पर प्रतिदिन मैदान में खेलने आने वाले बच्चों और खिलाड़ियों ने आपत्ति ली और नगर निगम के अधिकारियों को बताया कि कचरा जल्द साफ किया जाए ताकि खेल के लिए मैदान उपलब्ध हो सके।

इधर आयोजनकर्ता सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि नगर निगम को 70 हजार रुपए कचरा शुल्क जमा किया गया है। लगातार कचरा उठाया जा रहा है, जिसमें समय लग रहा है। इसलिए



खिलाड़ियों को खेलने में विलम्ब हो रहा है। नगर निगम को जल्द कचरा उठाने के निर्देश दिए गए हैं। दशहरा मैदान पर हर दिन खेलने वाले बच्चों ने नाम नहीं लिखने की शर्त पर बताया कि मैदान पर बहुत गंदगी फैली हुई थी, जहां खाने के स्टॉल थे, वहां चिप्स और आलू से बनने वाली दूसरी चीजों का वेस्ट पड़ा है। नगर निगम की दो सफाई महिला कर्मचारी ने सफाई की थी। उन्होंने बताया कि कचरा इतना ज्यादा था कि तीन गाड़ियां भर कर भेज दिया, फिर भी बच गया। वहीं गुरुवार शाम तक दशहरा मैदान पर सफाई जारी थी। टेंट, डोम और झूले का सामना उठाया जा रहा था। सांसद लालवानी ने बताया कि आयोजन से पहले ही नगर निगम को 70 हजार का कचरा शुल्क जमा कर दिया गया था। सामान अधिक होने के कारण दो दिन का समय लगा। खिलाड़ियों को बताया गया है कि उनकी समस्या का हल कर दिया गया है। अपर आयुक्त प्रखर सिह ने बताया कि मेले का सामान हटाने में देरी हुई इसके बाद सफाई का काम शुरू किया गया। आयोजनकर्ता संस्था द्वारा कचरा शुल्क भुगतान कर दिया गया था। शहर में होने वाले सभी आयोजन के दौरान कचरा शुल्क जमा करवाया जाता है।

---

**इंदौर बॉम्बे हॉस्पिटल की नर्सों का आरोप**

# भर्ती परीक्षा के लिए नहीं मिल रही छुट्टी, कार्रवाई और हॉस्टल खाली कराने की दी जा रही चेतावनी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल में कार्यरत नर्सों ने अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी के आरोप लगाए हैं। नर्सिंग ऑफिसर और सिस्टर ट्यूटर भर्ती परीक्षा 2026 में शामिल होने जा रही कई नर्सों का कहना है कि उन्हें परीक्षा देने के लिए अवकाश नहीं दिया जा रहा है। साथ ही ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई और हॉस्टल खाली कराने तक की चेतावनी दी गई है।





जानकारी के अनुसार अस्पताल की करीब 30 से 35 नर्सों ने सरकारी भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया है। यह परीक्षा 15 मई को आयोजित होगी। कई नर्सों के परीक्षा केंद्र भोपाल सहित अन्य शहरों में दिए गए हैं, जिसके चलते उन्हें यात्रा और परीक्षा में शामिल होने के लिए छुट्टी की जरूरत है।

नर्सों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने छुट्टी देने से साफ इन्कार कर दिया है। उनका कहना है कि नर्सिंग सुपरिटेंडेंट सीबी जॉर्ज की ओर से एक ऑडियो संदेश जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि 15 मई को जो भी कर्मचारी परीक्षा देने जाएगा, वह अपनी जिम्मेदारी पर जाएगा और अस्पताल की ड्यूटी व्यवस्था में किसी तरह का बदलाव नहीं किया जाएगा।

ऑडियो संदेश में यह भी कहा गया कि नियुक्ति के समय परीक्षा के लिए छुट्टी देने का कोई वादा नहीं किया गया था, इसलिए किसी प्रकार का समायोजन संभव नहीं होगा। इससे परीक्षा में शामिल होने वाली नर्सों में नाराजगी है।

---

# सराफा में देर रात ताले तोड़ने पहुंचे बदमाश : सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के सराफा इलाके में सोमवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। तीन से ज्यादा बदमाश धान गली में पहुंचे और यहां चोरी की वारदात को अंजाम देने के साथ कई दुकानों के ताले तोड़ने की कोशिश की। बदमाशों की पूरी करतूत इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है।

जानकारी के मुताबिक बदमाश देर रात धान गली पहुंचे थे। यहां से उन्होंने गैस भट्टी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके बाद उन्होंने आसपास की दुकानों को भी निशाना बनाने की कोशिश की। इसी दौरान इलाके के रहवासियों की नजर बदमाशों पर पड़ गई। लोगों ने शोर मचाया तो आरोपी बौखला गए और गली में खड़ी कई दोपहिया गाड़ियों को गिरा दिया। हंगामे के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की जांच शुरू की। रहवासियों ने रात में बनाए गए वीडियो और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिए हैं।

**रहवासियों ने पुलिस को दिए वीडियो**–इलाके के लोगों ने बदमाशों की गतिविधियों के वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किए थे। पुलिस अब इन फुटेज और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

**पुलिस बोली- जल्द होंगे गिरफ्तार**–मामले में सराफा थाना टीआई राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि आरोपियों के बारे में अहम जानकारी मिल चुकी है। आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

# डेली कॉलेज को लेकर लगी चार याचिकाओं से हाईकोर्ट जस्टिस ने खुद को किया अलग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर डेली कॉलेज मामले में चार याचिकाएं लगी हुई है। इसमें मुख्य रूप से चुनाव पर स्टे की मांग है। इसे लेकर गुरुवार को हाईकोर्ट इंदौर में जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच में सुनवाई होना थी। केस लिस्ट था। लेकिन इस मामले से जस्टिस ने खुद को अलग कर लिया। हाईकोर्ट जस्टिस ने गुरुवार 14 मई को एक लाइन का आदेश जारी किया। इसमें लिखा है कि यह याचिकाएं अन्य बेंच के सामने लगाई जाएं, जिसमें वह सदस्य नहीं हो। इसके पहले 28 अप्रैल



को इसमें सुनवाई हुई थी और तब बेंच ने आदेश जारी कर सभी पक्षकारों से दो सप्ताह में जवाब मांगा था। इसमें एक नई याचिका जय सिंह झाबुआ द्वारा लगाई गई है। वहीं डेली कॉलेज सोसायटी, विक्रम खंडेलवाल, संदीप पारिख की ओर से भी याचिकाएं लगी हैं। खंडेलवाल की ओर से दो याचिकाएं हैं। इस तरह कुल पांच याचिकाएं लिंक हैं। इन सभी में मुख्य रूप से फर्म एंड सोसायटी और डेली कॉलेज बोर्ड पक्षकार हैं। साथ ही डेली कॉलेज द्वारा दो रिट अपील भी दायर की गई है जो डबल बेंच के सामने लगी है।

**उधर 21 मई को वोटिंग और रिजल्ट**–इन याचिकाओं में मुख्य रूप से नए संविधान को लागू करने और चुनाव प्रक्रिया को लेकर आपत्तियां ली गई हैं। इसमें डेली कॉलेज के पूर्व छात्र द्वारा चुनाव पर रोक की मांग की गई है। बीती सुनवाई के दौरान चुनाव पर स्टे की मांग की गई थी, लेकिन इसमें डेली कॉलेज को जवाब देने के लिए समय दिया गया था और स्टे नहीं हुआ था। अब 14 मई को मामला फिर टल गया। उधर चुनाव 21 मई को होना है और इसी दिन रिजल्ट भी जारी होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।